भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2718

02 अगस्त, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: आकांक्षी जिलों हेतु विकास अनुदान

2718. श्री रामशिरोमणि वर्मा:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों सहित देश के आकांक्षी जिलों के कृषि क्षेत्र के लिए जारी विकास अनुदान का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त विकास अनुदान के अंतर्गत केंद्र सरकार से अभी भी कोई धनराशि आकांक्षी जिलों को देय है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): सरकार देश में किसानों के कल्याण के साथ-साथ कृषि क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करती है। इन्हें सभी आकांक्षी जिलों सहित पूरे देश में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र और जिलों में समान रूप से कार्यान्वित किया जाता है। वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई राशि का विवरण **अनुबंध** पर है। यह धनराशि राज्य सरकारों को ही जारी की जाती है।

लो.स.अता.प्र.सं.2718

अनुबंध

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संबंध में राज्यवार आवंटन और निर्मुक्ति*

		(करोड़ रुपये में)
क्रमांक	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2021-22**
		आवंटन
1	आंध्र प्रदेश	834.72
2	अरुणाचल प्रदेश	124.67
3	असम	442.44
4	बिहार	413.35
5	छत्तीसगढ	408.13
6	गोवा	27.33
7	गुजरात	795.11
8	हरियाणा	380.07
9	हिमाचल प्रदेश	194.09
10	जम्मू और कश्मीर	88.98
1 1	झारखंड	212.67
12	कर्नाटक	1088.46
13	केरल	151.74
14	मध्य प्रदेश	941.91
15	महाराष्ट्र	1067.17
16	मणिपुर	148.28
17	मेघालय	83.97
18	मिजोरम	158.23
19	नागालैंड	180.06
20	ओडिशा	429.93
21	पंजाब	266.65
22	राजस्थान	786.87
23	सिक्किम	123.19
24	तमिलनाडु	1018.58
25	तेलंगाना	379.69
26	त्रिपुरा	130.75
27	उत्तर प्रदेश	1085.70
28	उत्तराखंड	247.68
29	पश्चिम बंगाल	446.93
30	दिल्ली	1.11
31	पुडुचेरी	9.64
32	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	8.31
33	चंडीगढ़	0.13
34	दादरा व नगर हवेली	0.45
35	दमन और दीव	0.91
36	लक्षद्वीप	0.50
37	लद्दाख	40.25
	अन्य	0.00

कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन -फसलें, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन और ऑयल पाम), कृषि विस्तार उप मिशन, परम्परागत कृषि विकास योजना, बीज एवं रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी), समेकित बागवानी विकास मिशन, प्रति बूंद अधिक फसल और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास जैसी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की केंद्र प्रायोजित लाभार्थी उन्मुख योजना के संबंध में धन का आवंटन और जारी की गई राशि

*****